PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Vivah
Year: 2006

Song: Tere Dware Pe Aai
Lyricist: Ravindra Jain

दुल्हा बन गया ओए
बन गया साड्डा बरखुरदार
घोड़ी चढ़ गया ओए
चढ़ गया छड़के मोटरकार
सेहरा सज गया ओए
हो सेहरा सज गया जलवेदार
दुल्हनिया द्वार खड़ी
सजन संग जाने को तैयार
नच ले ओए
हो नच ले ओए
ओए यारा हो...
हो मित्रा हो...
तेरे द्वारे पे आई बारात
हो तेरे द्वारे पे आई बारात
प्रेम के मोती लुटा दे
नैन स्वागत में बिछा दे
प्रेम के मोती लुटा दे
नैन स्वागत में बिछा दे
ओ जरा आदर के साथ
तेरे द्वारे पे आई बारात
बारात तेरे द्वारे पे आई बारात

विवाह शुभ विवाह
विवाह शुभ विवाह
दिल्ली का राजा आया
वरने को मधुपूर की रानी
होने को है आज पूरी
इनकी अधूरी कहानी
होने को है आज पूरी
इनकी अधूरी कहानी
फूल खुशियों के खिले हैं
बड़ी मुश्किल से मिले हैं
फूल खुशियों के खिले हैं
बड़ी मुश्किल से मिले हैं
हाय रे तरसे दो हाथ
तेरे द्वारे पे आई बारात
बारात तेरे द्वारे पे आई बारात
आ...

तेरी तरफ़ बढ़ रहे हैं
नन्हें से पग बिते कल के
सुख दुख के इस संगम पे
नैना हैं क्यों छलके छलके
सुख दुख के इस संगम पे
नैना हैं क्यों छलके छलके
रीत बाबुल को निभा दे
अपनी बिटिया को विदा दे
रीत बाबुल की निभा दे
प्यारी बिटिया को विदा दे
रे आँसू के साथ
लेके दुल्हन को लौटे बारात
बारात लेके दुल्हन को लौटे बारात
आ...

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.